परिवार की एक तस्वीर
(20:6–12)

तीसरी मिशनरी यात्रा के अन्त में पौलुस और उसके साथी यरूशलेम को जाते समय त्रोआस में रुक गए। लूका ने उनके मिलने को इन शब्दों में बताया:

> और हम अखमीरी रोटी के दिनों के बाद फिलिप्पी से जहाज पर चढ़कर पांच दिन में त्रोआस में उनके पास पहुंचे, और सात दिन तक वहीं रहे।
>
> सप्ताह के पहिले दिन जब हम रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठे हुए, तो पौलुस ने जो दूसरे दिन चले जाने पर था, उनसे बातें कीं और आधी रात तक बातें करता रहा। जिस अटारी पर हम इकट्ठे थे, उसमें बहुत दीये जल रहे थे। और यूतुखुस नाम का एक जवान खिड़की पर बैठा हुआ गहरी नींद से झुक रहा था, और जब पौलुस देर तक बातें करता रहा तो वह नींद के झोंके में तीसरी अटारी पर से गिर पड़ा, और मरा हुआ उठाया गया। परन्तु पौलुस उतरकर उससे लिपट गया, और गले लगाकर कहा; घबराओ नहीं; क्योंकि उसका प्राण उसी में है। और ऊपर जाकर रोटी तोड़ी और खाकर इतनी देर तक उनसे बातें करता रहा, कि पौ फट गई; फिर वह चला गया। और वे उस लड़के को जीवित ले आए और बहुत शान्ति पाई (20:6–12)।

लूका ने पौलुस की यात्रा के कुछ भागों का वर्णन विस्तार से नहीं किया जबकि अन्य भागों में पूरा विवरण देने के लिए वह रुक गया। हमारे पिछले पाठ में, लूका ने महीनों कार्य किया और जोखिम उठाए। इन पदों में, लूका ने एक जवान के बारे में जो कलीसिया में सो गया था, बड़े अच्छे ढंग से तथ्य दिए![1]

प्रेरितों के काम पुस्तक में यह कहानी किस लिए?[2] निश्चय ही यह उस जवान को व्याकुल करने के लिए नहीं है जो ''गहरी नींद से झुक रहा था, ... जब पौलुस देर तक बातें करता रहा'' (आयत 9)। मुझे पाठ के सबसे आकर्षक पहलुओं में से त्रोआस में मण्डली के इकट्ठे होने की तस्वीर अच्छी लगती है। मैं आरम्भिक कलीसिया के पारिवारिक वातावरण से विशेषकर प्रभावित हूं।

परिवार इकट्ठा हुआ (20:6, 7)

पौलुस पिन्तेकुस्त तक यरूशलेम पहुंचने की जल्दी में था (आयत 16), फिर भी वह और उसके मित्र ''सात दिन तक'' त्रोआस में ही रुके रहे (आयत 6)। ''यह जहाज की समय सारणी के कारण हो सकता है, परन्तु ज्यादा देर तक रुकने की अधिक सम्भावना यह है कि वह सप्ताह के पहले दिन विश्वासियों के साथ मिलकर रोटी तोड़ने के लिए रुका था।''[3] फिलिप्पी से त्रोआस जाने में सामान्य से अधिक समय लग गया था।[4] जिस कारण पौलुस त्रोआस में प्रभु के दिन कलीसिया से नहीं मिल पाया था।[5] क्योंकि वह वहां सोमवार को पहुंचा था।[6] इसलिए, उसने पूरा सप्ताह भाइयों के फिर से इकट्ठा होने की प्रतीक्षा की।[7]

ध्यान दें कि पौलुस ने आराधना में भाग न लेने के लिए यह बहाना नहीं बनाया कि वह ''नगर से बाहर'' और ''अपनी गृह मण्डली से दूर'' था। जब वह किसी नये शहर में जाता, तो वहां पर मिलने के लिए भाइयों को ढूंढ़ता था।[8] वह *चाहता था* कि सप्ताह के पहले दिन भाइयों के इकट्ठे होने पर उनके साथ आराधना करे।

आरम्भिक कलीसिया सप्ताह के पहले दिन इकट्ठी होती थी क्योंकि उस दिन यीशु मुर्दों में से जी उठा था और अपने चेलों को दिखाई दिया था (लूका 24:1, 7, 13, 21; यूहन्ना 20:19, 26)।[9] जस्टिन मार्टिन ने बाद में लिखा कि ''रविवार वह दिन है जब हम सब इकट्ठे होते हैं, क्योंकि ... यीशु मसीह, हमारा उद्धारकर्त्ता, उसी दिन मुर्दों में से जी उठा।''[10] यहूदी लोग भौतिक संसार की रचना के स्मरण में सातवां दिन[11] मनाते थे (निर्गमन 20:8-11); मसीही लोग मसीह की मृत्यु, गाड़े जाने और जी उठने के स्मरण में सप्ताह के पहले दिन को मनाते हैं (1 कुरिन्थियों 11:23-25) जो ''*नई* सृष्टि'' (गलतियों 6:15) को सम्भव बनाता है।

लूका ने उनके इकट्ठे होने के समय बत्तियां जगने का उल्लेख किया (आयत 8), इसलिए स्पष्ट है कि त्रोआस की कलीसिया रात को इकट्ठी हुई थी।[12] उस समाज में सप्ताह का पहला दिन काम के किसी दूसरे दिन की ही तरह था और बहुत से मसीही लोग दूसरों के लिए काम करते थे,[13] इसलिए इकट्ठे होने का समय दिन का काम खत्म होने के बाद ही हो सकता था।

कई लोगों का विचार है कि लूका ने यहूदी गणना का इस्तेमाल कर बताया कि कलीसिया उस समय इकट्ठी होती थी जिसे हम शनिवार रात कहते हैं,[14] परन्तु ''ऐसा कोई संकेत नहीं है कि लूका ने इस यूनानी भाषा बोलने वाले नगर में घटने वाली घटना का समय बताने के लिए यहूदी ढंग का इस्तेमाल किया हो।'' लूका ने यहूदी गणना का इस्तेमाल किया या रोमी का परन्तु हर प्रकार से त्रोआस की कलीसिया सप्ताह के पहले दिन ही इकट्ठी हुई थी।[15]

इन तथ्यों को इकट्ठा करें: (1) पौलुस अपने भाइयों से मिलने के लिए बाहर निकला; (2) ये भाई असुविधाजनक समय पर इकट्ठा होते थे; (3) वे दिन भर के कठिन काम के बाद इकट्ठे होते थे। हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि मसीही लोगों को एक दूसरे के

साथ मिलना अच्छा लगता है (प्रेरितों 2:42)। भौतिक परिवार आमतौर पर इकट्ठा होकर आनन्दित होते हैं; वास्तव में, यदि परिवार के सदस्य एक दूसरे से मिलकर आनन्दित नहीं होते, तो हम कहते हैं कि उस परिवार में कुछ गड़बड़ है। इसी प्रकार, परमेश्‍वर के परिवार के लोग एक दूसरे से मिलकर आनन्दित होते हैं।

इस ढंग से अपने आप को परखा जा सकता है। क्या आप मसीह में अपने भाइयों तथा बहनों से मिलकर आनन्दित होते हैं? यदि आप परमेश्‍वर के परिवार से मिलकर आनन्दित नहीं होते, तो आपको अपने भाइयों, बहनों और अपने पिता से सम्बन्ध को सुधारने के लिए अपने अन्दर झांकने की आवश्यकता है (इब्रानियों 10:25)।

परिवार ने मिलकर प्रभु भोज खाया (20:7)

"सप्ताह के पहले दिन" (1 कुरिन्थियों 16:2) कलीसिया के आराधना के लिए इकट्ठा होने पर आराधना की मुख्य बात प्रभु भोज थी। आयत 7 पर ध्यान दें: "सप्ताह के पहिले दिन जब हम रोटी तोड़ने *के लिए* इकट्ठे हुए।"[16] "रोटी तोड़ने" का अर्थ साधारण भोजन (प्रेरितों 2:46) या प्रभु भोज में भाग लेना (मत्ती 26:26; प्रेरितों 2:42; 1 कुरिन्थियों 10:16) हो सकता है। बहुत से विद्वान इस बात पर सहमत हैं कि "प्रभु भोज का संकेत मिलता है, क्योंकि इस औपचारिक इकट्ठ का स्पष्ट उद्देश्य रोटी तोड़ना था।"[17]

हमें यह जानकर आश्चर्य नहीं होता कि "प्रभु भोज" (1 कुरिन्थियों 11:20) "प्रभु के दिन" (प्रकाशितवाक्य 1:10) खाया जाता था। आराधना की प्रत्येक अभिव्यक्ति आवश्यक है, परन्तु आराधना की मसीही अभिव्यक्ति प्रभु भोज सबसे अलग है। यहूदी लोग अध्ययन करने, प्रार्थना करने, भजन गाने और चन्दा देने के लिए इकट्ठे होते थे; परन्तु मसीही लोग सप्ताह के पहले दिन मसीह की मृत्यु, गाड़े जाने और जी उठने के स्मरण के लिए "प्रभु की मेज़" (1 कुरिन्थियों 10:21) के पास इकट्ठे होते हैं।[18]

आरम्भिक मसीही *प्रत्येक* सप्ताह के पहले दिन प्रभु भोज में भाग लेने के लिए इकट्ठे होते थे। यह बात हमें उन पदों से पता चलती है जिन्हें हमने उद्धृत किया: मसीही लोग सप्ताह के पहले दिन मिलते थे (1 कुरिन्थियों 16:1, 2) और वे रोटी तोड़ने के *उद्देश्य* से इकट्ठे होते थे (प्रेरितों 20:7), इसलिए हम निष्कर्ष निकालते हैं कि वे हर सप्ताह के पहले दिन प्रभु भोज में भाग लेते थे। इस बात की पुष्टि आरम्भिक मसीही लेखकों की गवाही से होती है कि यह सत्य है। दूसरी सदी के आरम्भ में, ये शब्द लिखे गए थे: "परन्तु प्रभु के प्रत्येक दिन तुम इकट्ठे होते हो और रोटी तोड़ने और धन्यवाद देते हो।" पुनः, सन 150 के लगभग लिखे गए जस्टिन मार्टिन के लिए शब्द हैं:

> नगर में हों या देश में, प्रभु के दिन सब मसीही लोग, इकट्ठे होते हैं, क्योंकि यह प्रभु के जी उठने का दिन है और ... प्रार्थना के अन्त में रोटी और दाख रस और जल लाए जाते हैं, और प्रमुख व्यक्ति अपनी योग्यता के अनुसार और लोगों की सहमति से आमीन कहकर प्रार्थना और धन्यवाद की भेंट चढ़ाता है; और हर कोई उसमें भाग लेता है जिसके लिए धन्यवाद दिया गया है।

जे. डब्ल्यू मैक्गर्वे का कथन है कि ''जितनी मज़बूत यह बात है कि चेले प्रभु के हर दिन इकट्ठे होते थे, उतनी ही यह कि वे उस दिन रोटी तोड़ते थे,'' फिर उसने जोड़ा:

> दूसरी शताब्दी तथा उसके बहुत देर बाद तक [प्रेरितों 20:7 की गवाही] कलीसिया की विश्वव्यापी प्रथा के सम्बन्ध, ... बाइबल के विद्वानों के बीच विश्वव्यापी समर्थन पाने के लिए पर्याप्त प्रमाण है, कि प्रेरितों की यही रीति थी।[19]

यदि कोई जानबूझकर प्रभु के दिन सभा से अनुपस्थित रहे, तो वह जानबूझकर अपने आपको प्रभु की मेज से अनुपस्थित रखता है। इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि इब्रानियों की पत्री के लेखक ने कहा कि जो जानबूझकर पाप करता है उसने ''परमेश्वर के पुत्र को पांवों से रौंदा, और वाचा के लोहू को जिसके द्वारा वह पवित्र ठहराया गया था, अपवित्र जाना है, और अनुग्रह की आत्मा का अपमान किया'' (इब्रानियों 10:29)। कलीसिया के आरम्भिक दिनों में, परमेश्वर का परिवार प्रभु भोज में भाग लेने के लिए आनन्द से इकट्ठा होता था।

परिवार अपने पिता के वचन का अध्ययन करके आनन्दित हुआ (20:7)

कलीसिया जब ''रोटी तोड़ने के लिए'' इकट्ठी होती थी, तो उनकी आराधना का महत्वपूर्ण पहलू परमेश्वर के वचन का अध्ययन करना होता था। परमेश्वर का वचन पढ़ा जाता था (कुलुस्सियों 4:16; 1 तीमुथियुस 4:13); यदि वहां कोई योग्य पुरुष समझाने के लिए हो, तो वहां प्रचार होता था (1 तीमुथियुस 4:13; 2 तीमुथियुस 4:1, 2)। लूका ने कहा कि जब त्रोआस में कलीसिया रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठी हुई, तो ''पौलुस ने ... उनसे बातें कीं'' (प्रेरितों 20:7ख)। यूनानी का अनुवादित शब्द ''बातें कीं'' वह शब्द है जिससे हमें ''संवाद'' शब्द मिला है। एक अनुवाद के अनुसार ''पौलुस ने उसके साथ वार्तालाप किया।''[20] उसके संदेश का भावार्थ सम्भवत: कुछ देर बाद इफिसुस के प्राचीनों को दिए गए निर्देश की तरह ही होगा (आयतें 17-35)।

प्रचारकों को यह ध्यान देना अच्छा लगता है कि पौलुस ''आधी रात तक बातें करता रहा'' (आयत 7ग)। पौलुस के दिल में इन मसीहियों के साथ साझा करने के लिए बहुत कुछ था, परन्तु भाइयों ने भी तो उसे प्रचार करते रहने के लिए उत्साहित किया होगा। मैं पौलुस की यह कहते हुए कल्पना कर सकता हूं, ''बस इतना ही काफी है; रात बहुत हो चुकी है और मैं जानता हूं कि आप थक चुके हैं,'' परन्तु उसके श्रोताओं ने विरोध में कहा होगा, ''नहीं! हम थके नहीं। भाई पौलुस, आप प्रचार करते रहें!'' त्रोआस के मसीही लोग आराधना में बैठकर घड़ी की ओर नहीं देखते थे। किसी ने कहा है, ''उन्हें बुलाने में कोई कठिनाई नहीं थी, परन्तु उन्हें घर भेजने में कठिनाई अवश्य थी!''

हमारी पीढ़ी के बहुत से लोग टेलीविज़न के कारण बहुत कम समय के लिए ध्यान लगा पाते हैं! टी.वी. की बातें आमतौर पर केवल कुछ सैकण्ड के लिए ही प्रभावित करती हैं। जब बाइबल के विषय में सिखाया जाता है तो हमारे लिए उस पर ध्यान देने और सीखने के लिए अपने आपको अनुशासित करना आवश्यक है! आरम्भिक कलीसिया को परमेश्वर के वचन का अध्ययन करना अच्छा लगता था।

परिवार जहां भी हो सके मिलता था (20:8, 9)

वर्षों से मैं परिवारों को फिर से मिलाने के लिए, किराए के घरों, पार्कों में जाता हूं। यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है। परिवार *मिलता कहां* है, उसी प्रकार, जब आरम्भिक मसीही एक दूसरे के साथ इकट्ठे होते थे, तो उनके लिए स्थान का कोई अधिक महत्व नहीं होता था। कई बार वे घरों में इकट्ठे होते थे (फिलेमोन 1, 2) तो कई बार सार्वजनिक स्थलों पर (प्रेरितों 2:46; 5:12)। त्रोआस में, वे तीसरी मंजिल पर एक कमरे में इकट्ठे हुए (20:8, 9)। बहुत कम निजी निवासों की तीन मंजिलें होती थीं, इसलिए यह कमरा किसी फ्लैट में होगा जैसा कि रोम और उन नगरों में जो रोम के जैसे थे, आम होता था।[21]

ये मसीही लोग तीसरी मंजिल पर क्यों इकट्ठे हुए थे? हो सकता है उसका किराया सस्ता हो या यह भी हो सकता है कि उन्होंने गलियों के धक्कम धक्के से दूर रहने के लिए यह जगह चुनी हो। शायद उन्हें यही जगह मिली हो। कोई भी कारण हो, यह जगह विशेष तौर पर इकट्ठा होने के लिए उपयुक्त थी। सारा दिन काम करने के बाद, सदस्यों को आराधना के लिए तीन सीढ़ियां चढ़नी पड़ती थीं (और, प्रेरितों 20 में वर्णित इस अवसर पर, कभी-कभी उन्हें बार-बार ऊपर नीचे आना-जाना पड़ा था)। उन्हें इसकी परवाह नहीं थी। इकट्ठा होने का उनका उद्देश्य इकट्ठा होने के स्थान से अधिक महत्वपूर्ण था।

इकट्ठा होने का कलीसिया का अपना स्थान होने के लाभ देखे जा सकते हैं: सदस्यों को ठीक-ठीक पता होता है कि उन्हें हर हफ्ते कहां इकट्ठा होना है; उस इमारत को मण्डली की आवश्यकताओं के अनुसार बनाया जा सकता है; गैर सदस्यों की नजर में, कलीसिया अधिक स्थिर और स्थाई दिखाई दे सकती है। इमारत के होने की हानियां भी हो सकती हैं: इसका खर्चा सदस्यों के आर्थिक स्रोतों से निकालकर, उनके बहुत से भले कार्यों में रुकावट डाल सकता है; मण्डली इमारत की ओर ध्यान देकर नाश हुए लोगों को "आराधनालयों में आने" की प्रतीक्षा कर सकती है; हो सकता है कि इमारत के कारण मण्डली स्व-केन्द्रित हो जाए और मुख्यत: अपनी ही भलाई में दिलचस्पी लेने लगे।

जिस मण्डली के आप सदस्य हैं, उसके पास अपनी इमारत है या नहीं,[22] सदस्यों को लगातार स्मरण दिलाना चाहिए कि जहां वे इकट्ठे होते हैं उस स्थान का इतना महत्व नहीं है जितना इसका कि इकट्ठे होने और एक-दूसरे से दूर होने के बाद वैसा ही जीवन व्यतीत करना।

परिवार के सदस्य एक-दूसरे की परवाह करते थे (20:9-12)

त्रोआस के उस बहुमंजिले मकान में, जब पौलुस ''बातें करता रहा,'' तो ''यूतुखुस नाम का एक जवान ... गहरी नींद से झुक रहा था'' और खिड़की से गिरकर, तीसरी मंज़िल से गली में गिर गया (आयत 9)। सदस्यों के तीसरी मंजिल से सीढ़ियों द्वारा भागने से आराधना में बाधा पड़ गई। जिनका कोई जवान लड़का या लड़की मरा हो वे उस उदासी को समझ सकते हैं जो उस लड़के की मृत देह को देखने वालों पर छा गई थी। लूका ने केवल इतना ही लिखा कि वे ''घबरा'' गए थे (आयत 10)।

आयत 12 उनके दुख के अतिरिक्त पहलू को बताती है। बाद में, जब प्रार्थना समाप्त हो गई, तो ''वे उस लड़के को जीवित ले आए और बहुत शान्ति पाई।'' उस लड़के की ज़िम्मेदारी उन्हीं की थी अर्थात उसके आने-जाने का खर्च और उसकी सुरक्षा उन्हीं को करनी थी। NIV में ''लोग उस जवान को जीवित *घर* लाए और बहुत शान्ति पाई'' है। हो सकता है कि उस जवान के माता-पिता मसीही न हों और कलीसिया के सदस्यों ने उनके साथ उसे सुरक्षित घर लाने का वायदा किया था। एक पल के लिए, अपने आपको उनके स्थान पर रखें जब उन्होंने उसकी मृत देह को, हैरान होकर देखा कि अब वे उसके माता-पिता को क्या बताएंगे। जब पौलुस ने उस लड़के को जीवित कर दिया तो वे कितने खुश हुए होंगे! ''बहुत शान्ति पाई'' लूका द्वारा दिए नमूने के उपयुक्त अल्प वक्तव्य हैं।

अगले पाठ में, हम उस आश्चर्यकर्म का अधिक विस्तार से अध्ययन करेंगे। अब के लिए मैं केवल इतना ही ध्यान दिलाना चाहता हूं कि परिवार के सदस्य एक दूसरे की परवाह करते हैं। वे सचमुच ''आनन्द करने वालों के साथ'' आनन्द करते ''और रोने वालों के साथ'' रोते हैं (रोमियों 12:15)। यदि आपका हृदय मसीह में अपने भाइयों तथा बहनों के साथ एक लय में नहीं धड़कता, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका भी वही पिता है जो उनका है, आपको चैक कर लेना चाहिए!

परिवार के सदस्य इकट्ठे होकर और भोजन करके आनन्दित हुए (20:11)

यूतुखुस के जीवित होने के बाद पौलुस और दूसरे लोग तीसरी मंजिल वाले कमरे में लौट आए। आयत 11 में बताया गया है, ''और ऊपर जाकर रोटी तोड़ी और खाकर इतनी देर तक उनसे बातें करता रहा कि पौ फट गई ...'' यह भी सम्भव है कि रोटी तोड़ना वही क्रिया है जिसका उल्लेख आयत 7 में मिलता है, परन्तु लगता नहीं कि ऐसा ही हो। त्रोआस के मसीही ''रोटी तोड़ने के लिए'' इकट्ठे हुए थे, इसलिए लगता नहीं कि वे अखमीरी रोटी तोड़ने और दाख का रस लेने के लिए घण्टों तक प्रतीक्षा करते रहे हों जबकि पौलुस ''बातें करता रहा।'' यकीनन ही जो काम उन्होंने सबसे पहले किए, उनमें प्रभु के बलिदान के स्मरण के लिए उसकी मेज के पास इकट्ठे होना एक था। उसके बाद, वे पौलुस की बातें सुनने के लिए तैयार होंगे। आयत 11 में रोटी तोड़ना, जो घण्टों बाद

हुआ, सम्भवत: प्रीतिभोज को कहा गया होगा। शास्त्र में यहां पर प्रेरितों 2 जैसी घटना ही है जहां आयत 42 में रोटी तोड़ना प्रभु भोज की ओर संकेत है, जबकि कुछ आयतों के बाद वही शब्द (आयत 46) सामान्य भोजन के लिए है।[23]

जैसा कि प्रेरितों के काम में अपने अध्ययन में हमने देखा, आरम्भिक मसीहियों के जीवन में मेज़ की संगति एक महत्वपूर्ण भाग थी। मैं पौलुस और अन्यों के आनन्दित होकर ऊपरी कमरे में मैं लौटने की कल्पना कर सकता हूं। टल चुकी त्रासदी की बात कर रहे उनके स्वरों में मैं राहत सुन सकता हूं। यदि उनमें से किसी ने यूतुखुस को सोने की बात कहकर चिढ़ाया न हो तो मुझे हैरानी होगी। ऐसा ही माहौल होगा जब गांठें खोली गई होंगी और हर एक द्वारा लाया गया भोजन परोसा गया होगा। भोजन के लिए, पौलुस के आने और यूतुखुस की सुरक्षा के लिए धन्यवाद देने के बाद वे नीचे बैठ गए और उन्होंने खाना खाया। यह एक ऐसा दृश्य था जिसने संसार को चकित कर दिया होगा क्योंकि यहूदी और यूनानी, मालिक और गुलाम, पुरुष व स्त्रियां एक साझे मेज़ पर भोजन करने के लिए इकट्ठे हुए क्योंकि वे "सब मसीह यीशु में एक" (गलतियों 3:28) थे।

जब वे वहां इकट्ठे थे तो, पौलुस "देर तक उनसे बातें करता रहा" (आयत 11)। मूल में यहां पर अनुवादित यूनानी शब्द "बातें करता रहा" आयत 7 में अनुवादित शब्द "बातें करता रहा" से भिन्न है। इस शब्द का इस्तेमाल आराम से बातचीत के लिए किया जाता है। एफ.एफ. ब्रूस ने आयत 11 के पिछले भाग का अनुवाद किया, "पौ फटने तक और बातचीत मैं करता रहा।" हमारे यहां, हम कहेंगे, "जाने से पहले पौलुस ने उनके साथ खूब बातें कीं।"[24]

त्रोआस में इस दिन का समाप्त होना मुझे उन बहुत सी आराधना सभाओं का स्मरण दिलाता है जहां पर आराधना के बाद मिलकर भोजन किया जाता है। नये नियम में इस प्रकार के भोजन को "प्रेम सभा" कहा गया है (यहूदा 12)।[25] आमतौर पर इसे अधिक घरेलू अर्थात "सारी कलीसिया की संगति," या "भूमि पर भोजन" आदि नाम दिया जाता है। (मेरा एक मित्र इसे ईटिन' मीटिन' कहता है।) जो भी नाम दिया जाए, यह वह विशेष समय होता है जब हम एक दूसरे को अच्छी तरह जान सकते हैं, जब एक दूसरे के साथ सम्बन्ध मजबूत होते हैं।

आम तौर पर परिवार इकट्ठे होकर, इकट्ठे भोजन खाकर, एक दूसरे के घर जाकर आनन्दित होते हैं। उसी प्रकार, आरम्भिक कलीसिया के सदस्य भी एक दूसरे के साथ भोजन और बातें करके आनन्दित होते थे। हमें भी वैसे ही करना चाहिए।

सारांश

पाठ के अन्त में, आइए आरम्भिक कलीसिया के पारिवारिक वातावरण का आनन्द लेने के लिए कुछ देर रुकते हैं। मेरा मानना है कि हमने नये नियम के बुनियादी संघटकों अर्थात इसके संगठन, आराधना की अभिव्यक्तियों, पदनाम और कई अन्य बातों को फिर से मान लिया है। परन्तु, कई बार मुझे आश्चर्य होता है, कि क्या हम आरम्भिक मसीहियों

के बुनियादी *व्यवहार* को मान कर उस पर चलने की पूरी कोशिश भी करते हैं? पौलुस ने ज़ोर दिया कि कलीसिया परमेश्वर का *घर* है (1 तीमुथियुस 3:15)। परमेश्वर हमारी सहायता करे कि हम ऐसे ही काम करें!

प्रवचन नोट्स

द बाइबल एक्सपोज़िशन कमैन्ट्री, अंक 1 में, वारेन डब्ल्यू वियर्सबे ने प्रेरितों 20:6–12 को "एक अलविदाई प्रार्थना सभा" का नाम दिया और उस भाग को इस प्रकार विभाजित किया: (1) प्रभु का दिन, (2) प्रभु के लोग, (3) प्रभु का भोज, (4) प्रभु का संदेश और (5) प्रभु की सामर्थ।

पाद टिप्पणियां

[1]इस और अगले पाठ में यहां और कई दूसरे स्थानों में "कलीसिया" का अर्थ "आराधना के लिए एकत्र होने वाली मंडली" है। "प्रेरितों के काम, भाग–1" में पृष्ठ 197 पर शब्दाली में देखिये "कलीसिया"। [2]मैंने यह पाठ *क्रिश्चियन बाइबल टीचर* में "यूतुखुस, द स्लीपी डिसाइपल" (सितम्बर 1982) शीर्षक से जॉन वैडी के लेख और 14 दिसम्बर 1986 को टेक्सास राज्य के सदर्न हिल्ज़ चर्च ऑफ क्राइस्ट, अबिलेन में रिक ऐचले द्वारा दिए प्रवचन "ब्रेकिंग ब्रेड एंड रेज़िंग द डेड" पर आधारित है। कुछ शब्द तथा कई उदाहरण उन दो पाठों से लिए गए हैं। [3]पौलुस अपने भाइयों से मिलने के लिए कई अवसरों पर नगरों में सात से अधिक दिन तक रुक गया (21:4; 28:14)। [4]पिछले पाठ में आयत 6 पर नोट्स देखिये। [6]याद रखें कि दिन के एक भाग को सामान्यत: पूरा दिन गिना जाता था। [5]सम्भवत: पौलुस, लूका और जो भी उनके साथ थे सप्ताह के पहले दिन जहाज पर इकट्ठे हुए। [7]निस्संदेह, हमें यह कल्पना नहीं करनी चाहिए कि पौलुस और दूसरे लोग प्रतीक्षा करते हुए चक्र बनाकर यूं ही बैठ गए होंगे। पौलुस के दल में कम से कम नौ पुरुष थे, जिनमें से अधिकतर (यदि सभी नहीं तो) प्रचार कर सकते थे। 9 से अधिक लोगों द्वारा एक सप्ताह तक प्रचार अभियान में काफी फल मिला होगा। [8]"प्रेरितों के काम, भाग–2" में पृष्ठ 132 पर 9:26 पर नोट्स देखिये। [9]कलीसिया की स्थापना भी सप्ताह के पहले दिन हुई थी (लैव्यव्यवस्था 23:16; प्रेरितों 2:1)। [10]जस्टिन मार्टिन जिसका जन्म लगभग 100 ईस्वी में हुआ, को अतिमहत्वपूर्ण आरम्भिक मसीही लेखकों में से एक माना जाता है। वह पोलीकार्प का एक चेला था, जो यूहन्ना प्रेरित का चेला था। उसके लेखों में दिए गए कथनों की बरनबास 15:9 जैसे प्राचीन दस्तावेजों से पुष्टि होती है। इग्नेशियस ने उन लोगों के विषय में कहा जो नई आशा के पास आए थे, जो अब सब्त को नहीं मनाते थे, बल्कि प्रभु के दिन के लिए जीते थे (लैटर टू मैग्निशियन्ज़ 9:1–3)।

[11]मसीही लोगों को कभी भी सप्ताह का सातवां दिन ("सब्त") मनाने के लिए नहीं कहा गया (देखिये कुलुस्सियों 2:14, 16)। [12]तथ्य भी कि पौलुस "आधी रात तक" प्रचार करता रहा (पद 7) संकेत देगा कि उनका इकट्ठा होना रात के समय था। [13]कई तो गुलाम थे (1 कुरिन्थियों 12:13; इफिसियों 6:5; कुलुस्सियों 3:22; 1 तीमुथियुस 6:1)। [14]NEB के अनुवादकों ने स्पष्टत: यही सोचा, क्योंकि उन्होंने प्रेरितों 20:7 में वाक्यांश "शनिवार रात" का इस्तेमाल किया। और दूसरी हर जगह इसी यूनानी वाक्यांश का इस्तेमाल हुआ है (मत्ती 28:1; मरकुस 16:2, 9; लूका 24:1; यूहन्ना 20:1, 19; 1 कुरिन्थियों 16:2), NEB के अनुवादकों ने इसका अनुवाद "रविवार" किया। [15]"यह वाक्य सेवंथ डे एडवेंटिस्ट लोगों की रीति का समर्थन नहीं करता जो शुक्रवार सूर्यास्त से शनिवार सूर्यास्त तक को सब्त और मसीही आराधना के लिए उचित दिन मानते हैं; यदि यह मीटिंग शनिवार रात को भी थी, तो यह यहूदी सब्त का

भाग नहीं थी'' (आई. हावर्ड मार्शल, द ऐक्ट्स ऑफ द अपोस्टल्ज़, द टिंडेल न्यू टैस्टामेंट कमैन्ट्रीज़)। [16]ध्यान दें कि वे रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठे हुए थे, पौलुस का प्रचार सुनने के लिए नहीं। ''पौलुस जैसे प्रेरित के सम्बोधन को भी दूसरा स्थान दिया गया'' (जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, कमैन्ट्री ऑन ऐक्ट्स)। [17]कुछ लोगों का मानना है कि प्रेरितों 20:7 में ''रोटी तोड़ने के लिए'' सम्भवत: कुरिन्थुस की तरह (1 कुरिन्थियों 11:17-22, 33, 34)। प्रभु भोज को *अगापे* (''प्रेम भोज,'' यहूदा 12; अर्थात संगति व्यक्त करने के लिए सामान्य भोजन) के साथ मिला देते हैं। अन्य शब्दों में, वे स्वीकार करते हैं कि प्रेरितों 20:7 में ''रोटी तोड़ने के लिए'' शब्द में कम से कम प्रभु भोज *शामिल* है। परन्तु, यह ध्यान दिया जाना चाहिए, कि ऐसा कोई संकेत नहीं है कि त्रोआस की कलीसिया ने इन दो ''भोजों'' को मिलाया हो। यदि उन्होंने ऐसा किया होता, तो निस्संदेह पौलुस उन्हें ऐसा करने से मना करता, जैसे उसने कुरिन्थुस में किया (1 कुरिन्थियों 11:17-22, 33, 34)। [18]आरम्भिक मसीही प्रभु भोज केवल सप्ताह के पहले दिन ही लेते थे, किसी और दिन नहीं। [19]जे.डब्ल्यू. मैक्गर्वे, *न्यू कमैन्ट्री ऑन ऐक्ट्स ऑफ अपोस्टल्ज़,* अंक 2। [20]मैकॉर्ड'ज़ न्यू टैस्टामेंट ट्रांसलेशन ऑफ द एवरलास्टिंग गॉस्पल। शास्त्र के अनुसार प्रचार का एकमात्र ढंग भाषण देना नहीं है।

[21]त्रोआस एक रोमी कॉलोनी थी। [22]कोई कहेगा कि हमारे पास दूसरी या तीसरी शताब्दियों तक ''कलीसिया के भवन'' होने का इतिहास नहीं है, इसलिए कलीसिया के पास इमारत होना शास्त्र के अनुसार नहीं है। ऐसे लोग प्राय: कहते हैं कि हमें केवल घरों में ही इकट्ठे होना चाहिए। परन्तु, प्रेरितों के काम में अपने अध्ययन से हमने पाया है कि प्रारम्भिक मंडलियां विभिन्न स्थानों पर इकट्ठी होती थीं; घरों में इकट्ठे होने का कोई ''विशेष नमूना'' नहीं मिलता। इकट्ठा होने की आज्ञाएं (उदाहरण के लिए, इब्रानियों 10:25) मिलने के *स्थान* की अनुमति तो देती हैं, परन्तु विशेष तौर पर स्थान नहीं बतातीं। यह स्थान घर में, किराये के मकान में, किसी पेड़ के नीचे या उस इमारत में भी हो सकता है जो कलीसिया ने खरीदी अथवा बनाई हो। परमेश्वर द्वारा दी गई चुनौतियों को पूरा करने के लिए इकट्ठा होने के स्थान से सम्बन्धित निर्णय हर एक मंडली का अपना होना चाहिए। [23]''प्रेरितों के काम, भाग-1'' में पृष्ठ 90 पर प्रेरितों 2:42, 46 पर नोट्स देखिये। [24]यहां पर कोई स्थानीय शब्द प्रयुक्त किया जा सकता है जिसका अर्थ ''मित्रतापूर्वक बातें'' हो। [25]कुरिन्थुस की कलीसिया ने प्रेम भोज में प्रभु भोज को मिलाकर इसे दूषित कर दिया था और इसे मतवाले लोगों के झगड़े में बदल दिया था (1 कुरिन्थियों 11)। उन्हें पौलुस की बातें संगति में भोजन करने की निंदा के लिए नहीं बल्कि इसे उनके द्वारा निंदित करने के कारण कही गई थीं।